"आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चियन प्रकोष्ठ (IQAC) द्वारा आयोजित विभिन्न गतिविधियाँ "

Swayam- NPTEL MOOCs विषय पर एक दिवसीय कार्यषाला का आयोजन

आंतरिक गुणवत्ता सुनिश्चियन प्रकोष्ठ (IQAC) द्वारा दिनांक 18/05/2022 को स्वयं नेपटेल (SWAYAM-NPTEL) पोर्टल पर विभिन्न ऑनलाईन पाठ्यक्रमों में पंजीयन, प्रशिक्षण, परीक्षा एवं प्रमाण पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया की सम्पूर्ण जानकारी हेतु विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारम्भ 04:00 बजे से गुरु वंदना गायन से किया गया। इसके पश्चात वैदिक आचार्य सुनील तिवारी, मनीष पाण्डेय द्वारा वेद पाठ से किया गया। डॉ. आनंद नन्दवानी सहायक प्राध्यापक वाणिज्य विभाग ने स्वागत भाषण एवं उद्घाटन उद्बोधन किया। इस कार्यक्रम के मुख्यवक्ता डॉ. मुकेश गोयल, विभागाध्यक्ष, वाणिज्य विभाग रहे। आपने एन.पी. टेल में पंजीयन प्रक्रिया, विडियो लैक्चर व परीक्षा प्रक्रिया से संबंधित पूर्ण जानकारी प्रदान की एवं इससे प्राप्त होने वाले प्रमाण पत्र के महत्व को भी इस कार्यशाला के माध्यम से बताया। इस कार्यशाला में जुडे मुख्यवक्ता एवं समस्त प्राध्यापकों, प्रतिभागियों एवं छात्र–छात्राओं का आभार प्रदर्शन डॉ. राजेश तिवारी, सहायक प्राध्यापक, वाणिज्य विभाग, के द्वारा दिया गया।